<u>प्रसार भारती</u>
<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>
<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>
<u>20.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे</u>

मुख्य समाचार''

- विधानसभा के बजट सत्र की तीसरी बैठक में आज पूछे जाएंगे स्वास्थ्य, सड़क, पर्यटन, बीपीएल व विधायक प्राथमिकता से संबंधित प्रश्न–मुख्यमंत्री वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए कल सदन में प्रस्तुत करेंगे बजट।
- पीएम श्री स्कूल योजना के तहत हिमाचल के 199 स्कूलों का हुआ चयन।
- चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रहमचारिणी स्वरूप की पूजा–अर्चना जारी–सिरमौर के बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में पहली बार हुआ शिव–गौरा महाआरती का आयोजन।
  और
- प्रदेश की ऊंची चोटियों में पिछले 48 घंटों से हिमपात व निचले इलाकों में वर्षा से तापमान में आई गिरावट–अगले 24 घंटों के दौरान हिमपात व वर्षा सहित ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी।

<u>बजट सत्र</u>

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण की आज तीसरी बैठक है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। इस दौरान कई शासकीय व विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। **विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता .....**

**डिस्पैच....**

*विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण में पक्ष और विपक्ष के विभिन्न मुददों पर लगातार नोकझोक देखने को मिल रही है। सदन में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव–पर चर्चा व पारण होगा। इसके अलावा आज सत्र में मौखिक उत्तर के लिए विभिन्न सदस्यों के कुल 31 प्रश्न रखे गए हैं, मुख्यतः प्रश्न स्वास्थ्य सेवा, विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने, प्रधानमंत्री आवास व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विशेष राहत पैकेज, ऊर्जा उत्पादन, पर्यटन, फोरलेन, बीपीएल सर्वे, विधायक प्राथमिकता, जैविक खेती, खिलाड़ियों और जल शक्ति विभाग के अलावा अन्य सवालों के प्रश्न संबंधित विभा गों के मंत्रियों से पूछे जाएंगे। वहीं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कल 21 मार्च को वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए सदन में बजट प्रस्तुत करेंगे।*

<u>इंदु गोस्वामी</u>

केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि पीएम श्री स्कूल योजना के तहत हिमाचल के एक सौ 99 स्कूलों का चयन किया गया है। राज्यसभा सांसद इंदुबाला गोस्वामी द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी देते हुए बताया कि इन स्कूलों में केन्द्र सरकार की वित्तीय सहायता से कम्पयूटर लैब, स्मार्ट क्लासरूम, लाईब्रेरी व इंटरनेट सहित अति आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल कार्यान्वयन के लिए देश भर में 14 हजार 5 सौ स्कूलों का चयन किया जाना है जिसमें से अभी तक 33 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में 13 हजार 91 स्कूल चयनित किए जा चुके हैं।

**20.03.2026 / 9:20बजे / रितेश / विनोद / संजय**

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि नंगल–ऊना–तलवाड़ा रेल लाइन का कार्य पूरा हो चुका है और अगले दो वर्षों में इसे आगे जोड़ा जाएगा। वे कल प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री ज्वालाजी में माता ज्वालामुखी की पूजा–अर्चना के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ऊना–नादौन–ज्वालाजी कांगड़ा को जोड़ने के लिए नए सर्वेक्षण की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है ताकि सभी शक्तिपीठ सीधे रेलमार्ग से जुड़ सके और श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भानुपल्ली–बिलासपुर रेललाइन के लिए राज्य सरकार की करीब 2 हजार करोड़ रूपए की देनदारी अभी शेष है और यदि राज्य सरकार समय पर अपना काम पूरा करती तो परियोजना अब तक तैयार हो चुकी होती। आरजीडी बंद होने पर राज्य के आर्थिक हालात पर बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि राज्यों को अपनी आय के स्त्रोत बढ़ाने और खर्च कम करने के साथ कर्ज घटाने की दिशा में काम करना चाहिए।

विपिन / धर्मशाला

**20.03.2026 / 9:20बजे / रितेश / विनोद / संजय**

**नवरात्रि**

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज माता दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रहमचारिणी की विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु कतारबद्ध होकर माता रानी के चरणों में नतमस्तक होकर सुख–समृद्धि की कामना कर रहे हैं। मां ब्रहमचारिणी का यह स्वरूप विकास की नई शुरूआत और समृद्धि को दर्शाता है। विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ और नवरात्र मेलों के चलते प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

डेस्क / रितेश

## बाला सुंदरी मंदिर

इस बीच सिरमौर जिले के नाहन के समीप उत्तरी भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ महामाया माता बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में चैत्र नवरात्रे के दौरान पहली बार कल शिव गौरा महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान यहां आस्था और भक्ति का अदभुत संगम देखने को मिला। महाआरती में पहुंचे एसडीएम व संयुक्त आयुक्त त्रिलोक कपूर मंदिर न्यास राजीव सांख्यान ने बताया कि अष्टमी पर होने वाली आरती प्रक्रिया में और बदलाव कर इसे अधिक बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

## मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश की ऊंची चोटियों पर पिछले 48 घंटे से हिमपात जबकि मैदानी इलाकों में वर्षा का क्रम लगातार जारी है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट के चलते जहां ठंड बढ़ गई है वहीं कुछ क्षेत्रों में जनजीवन भी प्रभावित हुआ है।

## जनगणना तैयारी

वर्ष 2027 में दो चरणों में होने वाली जनगणना को लेकर देश सहित प्रदेश भर में कर्मचारियों को लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है। पहली बार डिजिटल माध्यम से होने वाली इस जनगणना के लिए स्मार्ट फोन आधारित मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग किया जाएगा जिससे डेटा का संकलन और प्रंसकरण पहले की तुलना में तेज और स्टीक तरीके से किया जा सकेगा। चंबा जिले में भी जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण व आवासों से संबंधित जानकारी एकत्रित करने के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता..

## अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर

आज समाचार पत्रों ने बजट सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **दैनिक जागरण** की सुर्खी है **अनुपूरक बजट पारित होने के तीन घंटे बाद विपक्ष का हंगामा, तथ्य छिपाने का आरोप। अमर उजाला** के शब्द हैं **70 प्रतिशत बढ़ गया अनुपूरक बजट, विपक्ष ने उठाए सवाल, वाकआउट। दैनिक भास्कर** का शीर्षक है **सीएम ने कहा–हिमाचल में छह महीने में कोई भी पीएचसी बिना डॉक्टरों के नही रहेगी।**

**गृह जिला में तैनाती पर हाईकोर्ट सख्त** शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है सरकार को स्टेट कैडर कर्मचारियों की तबादला नीति में नए प्रावधान करने के आदेश।

मौसम की खबर को **पंजाब केसरी** ने शीर्षक दिया है **आज वर्षा–तूफान का अलर्ट।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- विधानसभा के बजट सत्र की तीसरी बैठक में आज पूछे जाएंगे स्वास्थ्य, सड़क, पर्यटन, बीपीएल व विधायक प्राथमिकता से संबंधित प्रश्न–मुख्यमंत्री वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए कल सदन में प्रस्तुत करेंगे बजट।
- पीएम श्री स्कूल योजना के तहत हिमाचल के 199 स्कूलों का हुआ चयन।
- चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रहमचारिणी स्वरूप की पूजा–अर्चना जारी–सिरमौर के बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में पहली बार हुआ शिव–गौरा महाआरती का आयोजन।

  और
- प्रदेश की ऊंची चोटियों में पिछले 48 घंटों से हिमपात व निचले इलाकों में वर्षा से तापमान में आई गिरावट–अगले 24 घंटों के दौरान हिमपात व वर्षा सहित ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11:00 बजे नमस्कार।